नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३८ से



5 योगी ने पाक नागरिकों को किया बाहर


6 सिंधु जल संधि रोकने का भारत को पूरा हक


7 स्टार्टअप राष्ट्र बन रहा भारत : संजय मल्होत्रा


10 आरसीबी के खिलाड़ियों के सिर पर ऑरेंज, पर्पल कैप







# कभी भी हमला कर सकता है भारत : आसिफ

## पाकिस्तान के रक्षामंत्री ने कहा- पहलगाम हमले के बाद दोनों परमाणु-सशस्त्र राष्ट्रों के बीच बढ़ गया तनाव

**इस्लामाबाद, 28 अप्रैल. पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान का संबंध दिन-ब-दिन बिगड़ता जा रहा है. दोनों देशों के तनातनी के बीच सोमवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने कहा कि भारत कभी हमला कर सकता है. ऐसे में सेना को पूरी तरह से तैयार रखा गया है. इंटरव्यू में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने कहा कि पिछले सप्ताह कश्मीर में सैलानियों पर हुए हमले के बाद दोनों परमाणु-सशस्त्र राष्ट्रों के बीच तनाव बढ़ गया है.**

रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने इस्लामाबाद स्थित अपने कार्यालय में दिए इंटरव्यू में बताया, हमने अपनी सेना को मजबूत किया है, क्योंकि अभी के समय में यह जरूरी हो गया है. ऐसी स्थिति में कुछ रणनीतिक निर्णय लिए जाने हैं, इसलिए वे निर्णय लिए गए हैं. उन्होंने कहा



कि पाकिस्तान पूरी तरह सतर्क है और वह अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल तभी करेगा, जब हमारे अस्तित्व को सीधा खतरा होगा. मालूम हो कि इससे पहले पाकिस्तान ने पहलगाम हमले की जांच में चीन और रूस को शामिल किए जाने की मांग की थी. पहलगाम टेरर अटैक के गुनहगारों को धरती के आखिर छोर तक अंजाम तक पहुंचाने की भारत की ललकार से पाकिस्तान में हड़कंप मचा है. पाकिस्तान मदद के लिए छटपटा रहा है. रूस और चीन को साधने की कोशिश में जुटा है. चीन उसके साथ खड़ा होता भी दिखाई दे रहा है.



### पीएम मोदी से मिले राजनाथ सिंह, दी सुरक्षा की जानकारी

**नई दिल्ली.** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे. इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मौजूद थे. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को देश की सुरक्षा तैयारियों के बारे में जानकारी दी. इससे पहले, राजनाथ सिंह ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान से भी मुलाकात की थी. उन्होंने पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर चर्चा की. पीएम मोदी और रक्षा मंत्री के बीच 40 मिनट तक बैठक चली. इसके दोपहर बाद आतंकी हमले के 7 दिन बाद सोमवार को दिल्ली में रक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति की बैठक बुलाई गई थी, जो अब खत्म हो गई है. बैठक में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए थे.

### सरकार ने लगाया पाक के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध

सरकार ने भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेन्सियों के बारे में भड़काऊ, झूठे, भ्रामक और सांप्रदायिकत सद्भावना को बिगाड़ने वाली सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण करने वाले पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है. सरकारी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि यह प्रतिबंध केन्द्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर तत्काल प्रभाव से लगाया गया है. जिन यूट्यूब चैनलों प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें डॉन न्यूज, समा टीवी, ऐरे न्यूज और जियो न्यूज प्रमुख हैं. ये चैनल पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच उपजी तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर भ्रामक और सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण कर रहे हैं.

### भारत-फ्रांस के बीच 26 राफेल मरीन विमानों के सौदे

**नयी दिल्ली 28 अप्रैल.** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में चल रहे तनाव के बीच भारत और फ्रांस की सरकारों ने सोमवार को यहां फ्रांस के साथ 63 हजार करोड़ रूपये की लागत से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की खरीद के अंतर सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किये. रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस के रक्षा मंत्री सेबास्टियन लेकोर्नु ने इस सौदे पर हस्ताक्षर किये. रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में भारत और फ्रांस के अधिकारियों ने यहां नौसेना भवन में इस सौदे, विमान पैकेज आपूर्ति प्रोटोकाल, और हथियार पैकेज आपूर्ति प्रोटोकाल की हस्ताक्षरित प्रतियों का आदान प्रदान किया गया. इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल सीट वाले और चार दो सीट वाले विमान मिलेंगे.

### चीन ने कहा-भारत-पाक संयम बरते

चीन ने कहा कि वह कश्मीर क्षेत्र में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान और भारत के बीच विकसित हो रहे हालात पर करीब से नजर रख रहा है तथा 'तत्काल निष्पक्ष जांच शुरु करने' का समर्थन करता है और उम्मीद करता है कि दोनों पक्ष 'संयम' बरतेंगे.

### 800 लोग पाकिस्तान गए

अटारी-वाघा इंटरनेशनल बॉर्डर से सोमवार को 145 पाकिस्तानी नागरिक वापस गए, जबकि पाकिस्तान से 275 भारतीय वापस आए. पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे देशों के नागरिकों का वीजा रद्द कर दिया था और 48 घंटे में देश छोड़ने को कहा था.

## एक नजर में



### शरिया कानून के तहत मान्यता प्राप्त नहीं : सुको

**नयी दिल्ली.** उच्तम न्यायालय ने सोमवार को दोहराया कि काजी अदालत, दारुल कजा, शरिया अदालत या इसी तरह के किसी भी निकाय को भारतीय कानून के तहत मान्यता प्राप्त नहीं है और उनके फैसले कानूनी रूप से लागू नहीं होते हैं. न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने विश्व लोचन मदन बनाम भारत संघ में 2014 की मिसाल का उल्लेख किया जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि शरीयत अदालतों और फतवों को कोई कानूनी मंजूरी नहीं है. न्यायालय एक महिला द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रहा था. याचिका में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा एक पारिवारिक न्यायालय के फैसले की पुष्टि को चुनौती दी गई थी जिसमें उसे भरण-पोषण देने से इनकार किया गया था.

### सुरक्षा एजेंसियों ने डोडा में 13 ठिकानों पर मारे छापे

**जम्मू.** पहलगाम आतंकी हमले के बाद सोमवार सुबह जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में 13 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की. इन कार्रवाइयों का लक्ष्य आतंकियों के ठिकानों का भंडाफोड़ करना है और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े लोगों पर कानूनी शिकंजा कसना है. घटना के बाद से घाटी की सुरक्षा और अधिक बढ़ा दी गई है. श्रीनगर पुलिस की यह छापेमारी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के ओवरग्राउंड वर्कर्स और उनके सहयोगियों के घरों पर हुई. पुलिस ने बताया कि कुल 63 लोगों के घरों में छापे डाले गए. इसका लक्ष्य हथियार, दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और अन्य सामग्री बरामद करना है और आतंकवादी गतिविधियों की साजिशों का पता लगाना है.

### पहलगाम हमले में गोली लगते ही गिर रहे थे लोग

**जम्मू.** पहलगाम आतंकी हमले का सबसे खौफनाक वीडियो अब सामने आया है. यह वीडियो उस दिन वहां घुमने गए एक सैलानी के कैमरे में कैद हुआ है. इस वीडियो में गोली लगते ही लोग गिरते नजर आ रहे हैं. आतंकियों की गोलीबारी के कई वीडियो पहले भी सामने आ चुके हैं. लेकिन अब जो वीडियो सामने आया है, वो अभी तक का सबसे खौफनाक बताया जा रहा है. इस वीडियो में आतंकियों की गोलीबारी से सैलानी जमीन पर गिरते हुए नजर आ रहे हैं. गोली चलते भागते दिख रहे लोग पहलगाम हमले का एक और खौफनाक वीडियो सामने आया है. 28 सेकेंड के इस वीडियो में बैसरन घाटी के मैदान में पर्यटकों के बीच आतंकवादी के आने और फायरिंग करने की तस्वीरें नजर आ रही है.

## कूनों में 5 नन्हें मेहमानों का आगमन

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी बधाई

**भोपाल, 28 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय उद्यान कूनो में नए मेहमानों के आगमन पर प्रदेशवासियों को बधाई दी हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रविवार को मध्यप्रदेश के चीता परिवार में पुनः वृद्धि हुई है.**

कूनों में पांच नन्हें मेहमानों का आगमन हमारे बीच हुआ है, जो चीता प्रोजेक्ट की सफलता का प्रतीक हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह वन विभाग की टीम के सकारात्मक प्रयासों का परिणाम



है. उन्होंने कहा कि जितने चीते अफ्रीका से लाए गए थे, उससे ज्यादा चीतों का जन्म मध्यप्रदेश में हो चुका है. यह चीता प्राजेक्ट के सफल क्रियान्वयन को दर्शाता है, हम निरंतर इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं.

### एमपीपीएससी की परीक्षा प्रतिवर्ष होगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कोई भी पद खाली न रहे, इस उद्देश्य से शासकीय सेवा में समय पर भर्ती सुनिश्चित करने के लिए प्रतिवर्ष मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा परीक्षा आयोजित की जाएगी. इससे एक ही परीक्षा में अलग-अलग श्रेणियों के लिए अभ्यर्थियों का चयन होगा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन के लिए इस प्रकार के सभी प्रयास करने की दिशा में राज्य सरकार सक्रिय है.

## शराब घोटाले में 18 ठिकानों पर छापे

नवभारत टीम

**भोपाल/इंदौर. मध्य प्रदेश में शराब कारोबार से जुड़े एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज राज्य के कई शहरों में ताबड़तोड़ छापे मारे। भोपाल, इंदौर और मंदसौर में 18 ठिकानों पर एक साथ हुई इस कार्रवाई से शराब माफिया में हड़कंप मच गया है।**

ईडी के सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाने के आरोपों से संबंधित है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शराब ठेकेदारों ने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों और हेरफेर के जरिए लगभग 49




करोड़ 42 लाख रुपये से अधिक का चूना सरकार को लगाया है। यह गड़बड़ी वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2017-18 के बीच अवैध रूप से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के दौरान की गई।

जांचकर्ताओं ने पाया कि आरोपी ठेकेदार बैंक में कम राशि के चालान जमा करते थे, लेकिन बाद में उनमें हेरफेर कर बड़ी रकम दर्शाते थे। इन जाली चालानों का इस्तेमाल देशी और विदेशी शराब के गोदामों और आबकारी कार्यालयों में किया जाता था। ईडी की इस बड़ी कार्रवाई से मध्य प्रदेश के राजनीतिक और कारोबारी गलियारों में हलचल तेज हो गई है. माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और भी खुलासे हो सकते हैं. फिलहाल, ईडी की टीम जब्त किए गए दस्तावेजों और अन्य सबूतों की गहन जांच में जुटी है.

### इंदौर में हुई सबसे बड़ी कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय ने शुरुआत में भोपाल के आबकारी उड़नदस्ते में पदस्थ्य उपायुक्त आलोक खरे के ठिकानो पर छापे की जानकारी मिल थी जिसके बाद (ईडी) ने खरे के दफ्तर और घर पर कार्रवाई की जानकारी झूठी बताई। इंदौर में शराब ठेकेदार अविनाश और विजय श्रीवास्तव, राकेश जायसवाल, योगेंद्र जायसवाल, राहुल चौकसे, सूर्यप्रकाश अरोरा, गोपाल शिवहरे, लवकुश और प्रदीप जायसवाल के ठिकानों पर भी छापे मारे गए हैं। जिसमे बसंत बिहार कॉलोनी, तुलसी नगर और महालक्ष्मी नगर में ईडी की टीमें पहुंची। गौरतलब है कि, इंदौर के आबकारी अधिकारी कार्यालय में साल 2015 से 2018 के बीच सरकारी गोदाम से शराब लेने के लिए इस्तेमाल 194 बैंक चालानों में गड़बड़ी सामने आई थी। हजारों के बैंक चालानों को लाखों रुपए का बनाकर गोदामों से उतनी ही शराब उठाई गई।

## संविधान की रक्षा के लिए खून की अंतिम बूंद तक लड़ेंगे : जीतू पटवारी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 अप्रैल। फूलबाग मैदान में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि आज देश के संविधान को बचाने की बहुत जरुरत है। उन्होंने उपस्थित जन समूह से पूछा कि संविधान की रक्षा के लिए खून की अंतिम बूंद तक जान देनी पड़ी तो तैयार रहोगे? चारों ओर से आवाज आई, तैयार रहेंगे।**

पटवारी ने कहा कि आज पूरे देश में संविधान बचाने की बात हो रही है, कांग्रेस पार्टी संविधान और देश के सम्मान को बचाने की बात कर रही है, देश के संविधान की रक्षा के सिपाहियों को तैयार करने



की बात कर रही है, हमारे बुजुर्ग देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ते रहे, शहादत देते रहे, हमारे महापुरुषों ने संविधान बचाया और आज उसकी हत्या हो रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज सुबह मैं मुरैना गया था वहां सुमावली विधानसभा में 14 अप्रैल को एक दलित को इसलिए मार दिया गया क्योंकि वह बाबा साहब के जन्मदिन पर डीजे रहा था, उसे मारने वाले इस सरकार में मंत्री के समर्थक थे इसलिए संविधान बचाने की जरुरत है।

**पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि :** कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मौन रखकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

## 71 पद्म पुरस्कार विजेता हुए सम्मानित

**नयी दिल्ली 28 अप्रैल. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 71 व्यक्तियों को सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया.**


राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार श्रीमती मुर्मु ने पहले चरण के अलंकरण समारोह में 04 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए. पद्म पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की गयी थी. पद्म विभूषण से सम्मानित किए जाने वालों में सर्वश्री एम. टी. वासुदेवन नायर (मरणोपरांत), साहित्य और शिक्षा, डॉ. दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी, मेडिसिन डॉ. लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम ,कला और जापान से ओसामु सुजुकी (मरणोपरांत), व्यापार और उद्योग शामिल हैं.

पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने वालों में सर्वश्री नंदमुरी बालकृष्ण ,कला, विनोद कुमार धाम , विज्ञान और इंजीनियरिंग, सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत), सार्वजनिक मामले और शेखर कपूर, कला प्रमुख हैं. इसके अलावा सर्वश्री डॉ. श्याम बिहारी अग्रवाल , कला, डॉ. के. ओमानकुट्टी अम्मा , कला, मिरियाला अप्पाराव (मरणोपरांत), कला, रविचंद्रन अश्विन, खेल और जोयनाचरण बाथरी आदि की कला क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

पद्म पुरस्कार विजेता मंगलवार सुबह राष्ट्रीय समर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे.

संकल्प पारित | पीड़ित परिवारों से माफी के लिए शब्द नहीं, मैं सस्ती राजनीति में विश्वास नहीं करता

## सैलानियों की सुरक्षा में विफल रहा मुझे दुख है : उमर



**जम्मू-कश्मीर, 28 अप्रैल. जम्मू कश्मीर विधानसभा ने पहलगाम में पिछले सप्ताह हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर दुख और पीड़ा व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव आम-सहमति से पारित किया और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने तथा प्रगति में बाधा डालने के नापाक इरादों को हराने के लिए दृढ़ता से लड़ने का संकल्प लिया.**

सदन में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्वीकार किया कि वह पर्यटकों के लिए सुरक्षित वापसी मुहैया कराने की अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहे. उन्होंने कहा, मैं इस मौके का इस्तेमाल पूर्ण राज्य का दर्जा मांगने के लिए नहीं करूंगा. मैं अभी पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग कैसे कर सकता हूं? मैं सस्ती राजनीति में विश्वास नहीं करता.

अब्दुल्ला ने भयावह हमले का असर पूरे देश पर होने का उल्लेख करते हुए कहा, उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक अरुणाचल से गुजरात तक और जम्मू कश्मीर से केरल तक पूरा देश इस हमले से प्रभावित हुआ है. हमें लगता था कि इस तरह के हमले अतीत की बात हो गए हैं. दुर्भाग्य से, इस (पहलगाम) हमले ने ऐसी स्थिति को फिर से पैदा कर दिया है जिसे हम पीछे छोड़ देने की उम्मीद कर रहे थे. हम कभी नहीं जानते कि ऐसा कोई और हमला कब हो सकता है. मेरे पास उन परिवारों से माफी मांगने के लिए शब्द नहीं हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है. कई सालों में पहली बार मैंने ऐसे विरोध प्रदर्शन देखे जो वाकई एकजुटता के साथ हुए.

### मीडिया के लिए विशेष अपील

प्रस्ताव में कहा गया, शहरों और गांवों में शांतिपूर्ण प्रदर्शन और पर्यटकों के प्रति नैतिक और भौतिक समर्थन की सहज अभिव्यक्ति, शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और कानून के शासन के प्रति लोगों की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है. यह सदन इस हमले के पीड़ितों को चुनिंदा तरीके से निशाना बनाने के पीछे की भयावह साजिश के प्रति सजग है. यह समाज के सभी वर्गों और विशेष रूप से मीडिया से अपील करता है कि वे गैर-जिम्मेदाराना तरीके से भावनाओं को भड़काकर इस भयावह साजिश का शिकार न बनें.

## गुस्ताखी माफ





